# छात्रहित योजनाएं –

(छात्रवृत्ति, शिष्यवृति, पुरस्कार, मेडल, बीमा आदि)

## 1– छात्र सुरक्षा बीमा योजना –

छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर की अधिसूचना क्रमांक एफ. 24–7 / 20 / 2005, रायपुर दिनांक 01 / 09 / 2005 के अनुसार महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा योजना का प्रावधान है। इस संबंध मे कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता हैं ।

## 2– छात्रवृत्ति योजना –

छात्रवृत्ति संचालनालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार देय होगी। अन्य छात्रवृत्ति लिपिक से प्राप्त किया जा सकता है।

## 3– महिला सेवा एवं कल्याण समिति की प्रोत्साहन पुरस्कार योजना –

महिला सेवा एवं कल्याण समिति, राजभवन रायपुर द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत महाविद्यालय को राशि रू. 15 लाख प्रदान की गई है। इसके ब्याज राशि से प्रतिवर्ष गणित और जैव रसायन समूह के बी.एस–सी. तृतीय वर्ष और सभी विषयों के एस.एस–सी. अंतिम (अर्थात तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर) में अध्ययनरत छात्राओं को सम्मान रूप से प्रदान की जावेगी। यह प्रोत्साहन राशि 10 छात्राओं को उनके पिछले वर्ष सर्वोच्च अंकों के आधार पर मिलेगी जो लगभग रू. 11000 / – होती है।

**4– मेजर यशवत गोरे स्मृति पुरस्कार –** श्रीमती शकुनतला गोरे द्वारा राशि रू. 1 लाख छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत महाविद्यालय को प्रदान की गई है। इसके ब्याज राशि से प्रतिवर्ष अध्ययनरत मेजर गोरे छात्रावास के सर्वश्रेष्ठ छात्रावासी को 6600 / – का मेजर गोरे स्मृति प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं । सर्वश्रेष्ठ छात्रावासी का चयन छात्रावास अधीक्षक के द्वारा गठित समिति के द्वारा किया जाता है।

**5– विकिता अग्रवाल स्मृति पुरस्कार –**प्रोफेसर एस. सी. अग्रवाल द्वारा अपनी पुत्री की स्मृति में राशि रू. 1 लाख छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत महाविद्यालय को प्रदान की गई है। इसके ब्याज राशि से प्रतिवर्ष अध्ययनरत एम.एस–सी. प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र में प्रवेश एव बी.एस–सी. में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी को समिति के निर्णयानुसार प्रोत्साहन राशि विकिता अग्रवाल स्मृति पुरस्कार के रूप में 6600 रू. प्रदान किया जाता है।

## 6– उमा शर्मा स्मृति पुरस्कार –

डॉ. शोभना उपाध्याय द्वारा अपनी बहन की स्मृति में राशि रू. दो लाख दस हजार. छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत महाविद्यालय को प्रदान की गई है। इसके ब्याज राशि से प्रतिवर्ष दो अध्ययनरत, इसमें एक एम.एस–सी. प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र में प्रवेश एव बी.एस–सी. में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी और दूसरा तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र में प्रवेशित छात्र जिनके अंक प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में सर्वाधिक हो को समिति के निर्णयानुसार प्रोत्साहन राशि उमा शर्मा स्मृति पुरस्कार के रूप में प्रत्येक को 6600 रू. प्रदान किया जाता है।